MATTERS RAISED WITH PERMISSION OF CHAIR – *Contd.*

Need to include Chhattisgarhi language in the Eighth Schedule

श्री सभापति: श्रीमती छाया वर्मा। ज़ीरो ऑवर में आपका नोटिस था।

श्रीमती छाया वर्मा (छत्तीसगढ़): आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। क्या मैं छत्तीसगढ़ी में बोल सकती हूं?

श्री सभापति: हां, बोलिए।

श्रीमती छाया वर्मा: * कल छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस था। आप सभी को बधाई। छत्तीसगढ़ राज्य को बने 19 साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक छत्तीसगढ़ी भाषा को अपनी पहचान नही मिली है। छत्तीसगढ़ी भाषा के आठवी अनुसूची में शामिल नही होने के कारण इसे भाषा संबंधी अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जबकि छत्तीसगढ़ी में पूरा व्याकरण बन गया है और पाठ्यक्रम में लागू हो गया है। पूरा नही, लेकिन आंशिक तौर पर विद्यार्थी एम.ए., एम.फिल कर रहे हैं, लेकिन आठवी अनुसूची में शामिल नही होने के कारण बच्चों को नौकरी नही मिल पा रही है। जबकि अन्य छोटे राज्य - केरल, गोवा, मणिपुर में अपनी भाषा की अपनी अलग पहचान है। ऐसा नही है कि छत्तीसगढ़ी भाषा छत्तीसगढ़ में ही बोली जाती है, देश के अन्य राज्य जैसे मध्य प्रदेश, असम, बिहार, झारखंड में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ी बोलने वाले लोग हैं। अभी कुछ दिन पहले ही छत्तीसगढ़ में डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा द्वारा रचित 'अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार' गीत को राजगीत बनाया गया। सरकार का नारा है - 'नरवा, घुरवा, गरवा, बाड़ी एला बचाना हे संगवारी। अत: सरकार से मेरा अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ की 'गुरतुर' बोली छत्तीसगढ़ी को आठवी अनुसूची में शामिल किया जाए। जय जोहार, जय छत्तीसगढ़।

श्री सभापति: जय छत्तीसगढ़। मैंने वहां पर एक-दो बार यह भाषा सुनी है, यह सचमुच में बहुत सुंदर भाषा है। यह क्यों रह गई, मुझे मालूम नही है।

श्री परशोत्तम रूपाला (गुजरात): सर, इसे मान्यता दे दीजिए।

श्री सभापति: मैं इस भाषा में बोलने के लिए मान्यता दे सकता हूं, मगर इसको ज्वाइन करने के लिए मान्यता देने का अधिकार मेरे पास नही है।

SHRI B.K. HARIPRASAD (Karnataka): Sir, I associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

SHRI MOHD. ALI KHAN (Andhra Pradesh): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

---

*Hindi translation of original speech, made in Chhattisgarhi, provided by the Hon. Member.